>

Title : Need to make the ordnance factory at Nalanda, Bihar ready for production and to give priority to local people in employment in the factoy.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालन्दा) : मान्यवर सभापति महोदय, आज देश के अंदर और बाहर नक्सल, आतंकी और पड़ोसी देशों की तरफ से खतरे बढ़ गए हैं, जिन्हें देखकर रक्षा का बजट बढ़ाना एक स्वागत योग्य कदम है। मैं आपके माध्यम से सदन के ध्यान में लाना चाहता हूं कि तत्कालीन रक्षा मंत्री, जॉर्ज फर्नान्डीज द्वारा वर्ष 2002 में बिहार के नालन्दा जिले के राजगृह में एक अत्याधुनिक आयुध कारखाना स्थापित किया गया था। वह बनकर तैयार हो गया है। विगत 2005 से उसकी बिल्डिंग बनकर तैयार खड़ी हुई है। इसलिए मैं सदन के माध्यम से रक्षा मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि उस अत्याधुनिक फैक्ट्री से कब तक सामान बनकर निकलेगा, क्योंकि उस कारखाने से रक्षा सम्बन्धी जो अत्याधुनिक सामान बनकर निकलना है, वह अभी तक निकलना प्रारम्भ नहीं हुआ है। मैं सदन के माध्यम से देश को बताना चाहता हूं कि भारत सरकार ने उस कारखाने को बनाने पर करीब 6 हजार करोड़ रुपए खर्च किए हैं। मैं सदन से मांग करता हूं कि उस फैक्ट्री को शीघ्र चालू कराया जाए। मैं नालन्दा संसदीय क्षेत्र से आता हूं। इसलिए मैंने जनहित में यह मांग सदन में प्रस्तुत की है। मुझे उम्मीद है कि माननीय रक्षा मंत्री मेरी प्रार्थना पर ध्यान देंगे और उक्त कारखाने में तत्काल उत्पादन प्रारम्भ कराएंगे।